विश्वमित्र
व्यापार
कोलकाता, ९ अगस्त, मंगलवार २०११ / १०

अब दिखेगी हिन्दुस्तान मोटर्स 'वीर' की रफ्तार

कोलकाता, ८ अगस्त (नि.प्र.)। हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड ने आज कलकत्ता प्रेस क्लब में मालवाही वाहन 'वीर' को लांच किया। आज प्रेस क्लब ग्राउंड में कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज झा ने एचएम केनए उत्पाद 'वीर' को लांच किया। उन्होंने बताया कि यह उत्पाद सस्ता सुविधाजनक और उपयोगजनक मालवाही छोटा वाहन वाहन है, जो कि एम्बास्डर के रूप रेखा से प्रभावित है। श्री झा ने बताया कि हुगली स्थित उत्तरपाड़ा से उक्त वाहन का उत्पादन किया जा रहा है और फिलहाल इसकी कीमत ३.३० लाख रुपए कोलकाता में है। उन्होंने बताया कि इस वाहन की मालवाहन झमता भी ठीक है। अगले तीन माह में और तीन वाहनों को बाजार में उतारा जाएगा।